साप्ताहिक

Website: www.narmadasamay.com
Email: narmadasamay@gmail.com

Title Code:-MPHIN/36648

# नर्मदा समय

संपादक-प्रताप सिंह वर्मा

वर्षः 01, अंकः 26 | इटारसी, सोमवार 05 जून से 11 जून 2023 | पृष्ठ-04 | मूल्यः 05 रुपए

# पुरानी रंजिश के चलते कार सवार युवक पर चलाई गोली

## गोली कार का कांच तोड़कर हाथ में लगी, बाल बाल बची जान

नर्मदा समय / प्रदीप गुप्ता



***नर्मदापुरम। रविवार सुबह 7 बजे होमगार्ड आफिस के सामने फिल्मी स्टाईल में बाइक सवार तीन युवकों ने पहले तो एक कार को ओवरटेक किया फिर सामने से फायर कर दिया, जिसमें कार सवार युवक घायल हो गया और कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। गोली युवक के हाथ में लगी है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।***

घटना के बाद एसडीओपी सहित भारी पुलिस मौके पर पहुंच गया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। मामला कुछ महीने पहले आनंद नगर स्थित होटल वुडस के सामने हुए गोलीकांड से जुड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार विवेकानंद घाट नर्मदा कालोनी निवासी शिवम तिवारी पिता घनश्याम तिवारी बनखेड़ी में शादी समारोह से अपनी माँ के साथ होण्डा सिटी कार से नर्मदापुरम आ रहा थे। सुबह लगभग 7 बजे पुलिस लाईन होमगार्ड आफिस के पीछे तीन बाइक सवार युवकों ने कार को ओवरटेक किया और शिवम तिवारी की कार पर ठीक सामने फायर कर दिया। गोली कार का कांच तोड़ते हुए सीधे युवक बांह में लगी। जिससे वह घायल हो गया और कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। इस जानलेवा हमले में शिवम तिवारी बाल-बाल बच गये।

घटना का कारण होटल वुडस के सामने हुए गोलीकांड की रंजिश का बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार बताया गोलीकांड को अंजाम देने में कोलानाइजर के पुत्र होटल के संचालक एवं दो अज्ञात युवक शामिल बताये जा रहे है। आरोपियों ने घटना को प्लान बना कर अंजाम दिया है, क्योंकि आरोपी शिवम तिवारी की रैकी कर रहे थे और रविवार सुबह काफी देर से कार का पीछा कर रहे थे और मौका देखकर घटना को अंजाम दे दिया है। हालाकि इस मामले में पुलिस जांच में जुट गई है।

### यह है पूरा मामला

इस मामले में जिन लोगों के नाम सामने आ रहे हैं, उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। बताया जाता है कि कालोनाइजर हरि शर्मा ने कुछ साल पहले शिवम तिवारी की माँ से जमीन खरीदी थी और जमीन के पैसे नहीं दे रहा था। जिसको लेकर कुछ महीने पहले हरि शर्मा के बेटे की होटल वुडस के सामने गोलीकांड हुआ था, जिसमें आरोपी के तौर पर शिवम तिवारी का नाम सामने आया था और जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हुआ था। वहीं घायल शिवम तिवारी का कहना है कि कालोनाइजर हरि शर्मा द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है, जिसको लेकर कुछ दिनों पहले पिस्टल से धमकाया गया था, जिसकी थाने में लिखित शिकायत भी की थी। वहीं घायल शिवम ने घटना करने वाले पुर्णेश शर्मा को पहचाना है एवं दो अन्य व्यक्ति बताये हैं।



### इनका कहना है

होम गार्ड आफिस के पीछे गोली चली है। मौका निरीक्षण किया है, पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**पराग सैनी, एसडीओपी**

## समाज में व्याप्त रूढ़ियों को खत्म करना ही कबीर की शिक्षा का उद्देश्य : सीईओ जिला पंचायत रावत

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा




**नर्मदापुरम।** समाज सुधारक और निर्गुण भक्ति के कवि कबीर दास जी की जयंती रविवार को कन्या छात्रावास नेहरू पार्क, नर्मदापुरम में मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुख्य अतिथि सुजान सिंह रावत ने कहा कि कबीरदास जी ने जीवन भर समाज में व्याप्त रूढ़ियों के विरुद्ध अपनी रचनाओं से आमजन को इनके प्रति उद्वेलित,प्रेरित किया और राह दिखाई हैं। वर्तमान समय में भी कुछ रूढ़ियां बाकी है, इनको को खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर काम करना चाहिए। इसमे युवा पीढ़ी और विद्यार्थी की भूमिका अहम है। आज भी मृत्यु भोज और दिखावे के लिए महंगे विवाह ऐसी रूढ़ियां और परंपरा है, जिससे क़र्ज़ का बोझ बढ़ता है, ऐसी परम्पराओं और रूढ़ियों को खत्म करना है, कबीर जयंती मनाने का सार्थक उद्देश्य है।

कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्य जे पी यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि कबीर उन रूढ़ियों और परंपराओं के खिलाफ थे, जो मानवाधिकार, समता, समानता और भाई चारे की विरुद्ध है। कबीर का साहित्य प्रेम, भाईचारे और समतावादी समाज का साहित्य है।कबीर और उनकी रचनाएं हर युग में प्रासंगिक है। जब तक समाज मे भेदभाव,ऊंच-नीच और असमानता रहेगी, कबीर सजीव रहकर मानवता को राह दिखाएंगे। श्री यादव ने कहा की हर व्यक्ति के अंदर कबीर ज़िंदा रहे। श्री यादव ने इस अवसर पर कबीर के भजन मोको कहां ढूंढे रे बंदे, मैं तो तेरे पास गाकर सुनाया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों दीपिका, पल्लवी, प्रियंका, चिरौंजी लाल, अमन और विनोद ने कबीर के व्यक्तित्व और कृतित्व प्रकाश डालते हुए उनके दोहों की व्याख्या की।

आभार प्रदर्शन एस के द्विवेदी तथा कार्यक्रम का संचालन यतींद्र द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन छात्रावासों के विद्यार्थी, स्थानीय छात्रावासों के अधीक्षक और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## शादी का झांसा देकर युवती का दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नर्मदा समय/ प्रदीप गुप्ता



**नर्मदापुरम।** इस चकाचौंध के युग युवतियों को अपने जाल में फंसाना आम बात हो गई है। वहीं एक मामले में कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। इस सम्बन्ध मे कोतवाली टीआई विक्रम रजक ने बताया कि आरोपी मालाखेडी का रहने वाला है । बताया कि लड़की की दोस्ती उसकी ही सहेली ने आरोपी से करवाई थी और वह पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता था। जब आरोपी ने शादी करने से मना किया तो पीड़िता ने आरोपी मुबीन खान के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 376 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफतार कर लिया है।

## विधायक विजयपाल सिंह ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के स्वीकृति पत्रों का किया वितरण

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत जनपद सोहागपुर की ग्राम पंचायत सेमरीहरचंद में पात्र महिलाओं को स्वीकृति पत्रों का वितरण कार्यक्रम विधायक विजयपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर एसडीएम अखिल राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि साथ ही हितग्राही महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं शहर के नागरिक शामिल रहे।

इस मौके पर विधायक सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण योजना लाड़ली बहना योजना शुरू की है। जिसके माध्यम से पूरे मध्यप्रदेश में 10 जून को एक करोड़ 25 लाख महिलाएं लाभान्वित होगी। हितग्राही महिलाओं के खाते में 10 जून से प्रतिमाह 1000 रूपये की राशि खाते में डालने का सिलसिला शुरू होगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक विजय पाल सिंह के द्वारा महिलाओं को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।



# लाड़ली बहना योजना में प्राप्त राशि से बहनें सशक्त होंगी: सांसद राव उदय प्रताप सिंह

## जगदंबा गार्डन में हुआ मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत महिलाओं को स्वीकृति पत्रों का वितरण

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा



**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत शहर के जगदंबा गार्डन में पात्र महिलाओं को स्वीकृति पत्रों का वितरण कार्यक्रम सांसद राव उदय प्रताप सिंह के मुख्यातिथ्य और नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, माया नारोलिया सहित शहर के अनेक वार्डो के पार्षदों के साथ ही हितग्राही महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं शहर के नागरिक शामिल रहें।

इस मौके पर सांसद राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण लाडली बहना योजना शुरू की है। जिसके माध्यम से पूरे मध्यप्रदेश में 10 जून को एक करोड़ 25 लाख बहने लाडली बहना बन जाएंगी। एक क्लिक के माध्यम से उनके खाते में एक हजार रुपये की राशि पहुंच जाएगी। इस योजना से बहने सशक्त होंगी। घर की जरूरत को पूरा करने में विशेष सहयोग मिलेगा। पहले निःशुल्क राशन मिल रहा था, बिटिया की पढ़ाई के लिए तथा विवाह के लिए भी राशि मिल रही थी। अब बहनों के लिए नगद राशि की व्यवस्था की जा रही है। जिससे एक ही परिवार में तीन-तीन बहनों को राशि मिलेगी। एक माह में एक हजार इस प्रकार वर्ष भर में 12 हजार रुपये मिलेंगे। प्रदेश सरकार बहनों की मदद के लिए कृत संकल्पित है।

नर्मदापुरम विधायक डॉ शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री बिटियाओं के मामा तथा बहनों के भाई है उन्होंने लाडली बहना योजना शुरू करके महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में एक अच्छी योजना शुरू की है। प्रदेश को आगे ले जाने की दिशा में मुख्यमंत्री सतत लगे हुए हैं। नर्मदापुरम में ही 15 हजार 800 महिलाओं को तथा इटारसी में 13 हजार महिलाओं को लाडली बहना योजना की राशि मिलेगी। विधायक डॉ शर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के द्वारा इस कार्य में विशेष योगदान दिए जाने पर प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी।

नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने लाड़ली बहना योजना के संबंध में प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए नगर में लाडली बहना योजना को मिलने वाली राशि तथा वार्डों में हितग्राहियों के स्वीकृति पत्र वितरण के बारे में अवगत कराया।

### कई महिलाओं को दिए स्वीकृति पत्र

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वार्डों की महिलाओं को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए गए जिनमें बैजंती साहू, रजनी अहिरवार, सुमन सराठे, सरस्वती धुर्वे, मोना जराठे, ललिता साहू, सुशीला बामने, अनीता माछीवाल, सकुन केवट, अनसुईया बाई, लता बाई, सुनीता माछीवाल, अंसु धुर्वे, दुर्गावती माछीवाल, द्रोपती विश्वकर्मा, चिंता गोस्वामी, छाया साहू, आकृति ठाकुर, दीपा कदम, जयंती यादव को कार्यक्रम स्थल पर ही स्वीकृति पत्रक प्रदान किए गए। अन्य महिलाओं को उनके वार्ड में ही स्वीकृति पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन अमित महाला और आभार प्रदर्शन पार्षद प्रेमा पांडेय ने किया।

### ये भी रहे उपस्थित

अर्चना पुरोहित, महेंद्र यादव, भगवती चौरे, रोहित गौर, हंस राय, राजेश तिवारी, दिनेश तिवारी, सीएमओ नवनीत पांडे सहित नर्मदापुरम नगर के समस्त वार्ड के पार्षद गण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने महिला हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रों का वितरण किया

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा




**नर्मदापुरमः** कमिश्नर नर्मदापुरम संभाग श्रीमन शुक्ला ने शुक्रवार को बनखेड़ी एवं पिपरिया के ग्रामीण क्षेत्रों का सघन भ्रमण किया। उन्होंने यहां धरातल पर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, जल जीवन मिशन, अमृत सरोवर, मुख्यमंत्री सीएम राइज स्कूल सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति देखी।

सबसे पहले कमिश्नर श्रीमन शुक्ला ने सीएम राइज स्कूल बनखेड़ी के प्रगतिरत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और संबंधित निर्माण एजेंसी को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण रूप से समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राचार्य एवं स्कूल स्टाफ को निर्देशित किया कि स्कूल में शैक्षणिक गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। शासन के निर्धारित मानक मापदंडों के अनुरूप सीएम राइज स्कूल का संचालन करें। इसके बाद कमिश्नर श्री शुक्ला बनखेड़ी के ग्राम सुरेला रणधीर पहुंचे उन्होनें यहां मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में चयनित महिलाओं को स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया। उन्होंने इस दौरान ग्राम में अमृत सरोवर के कार्यों की गुणवत्ता भी देखी। कमिश्नर श्रीमन शुक्ला ने पहले जनपद पंचायत कार्यालय बनखेड़ी और इसके बाद जनपद कार्यालय पिपरिया में बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना में महिलाओं के आधार लिंकिंग एवं डीबीटी सक्रिय करने का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। चयनित सभी महिलाओं को स्वीकृति पत्रों का वितरण कराएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बनखेड़ी एवं पिपरिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि निकायों में साफ-सफाई सहित अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालन किया जाए।

इसके पूर्व कमिश्नर श्रीमन शुक्ला ने पिपरिया के ग्राम हथवास में गौशाला का भी निरीक्षण किया और गौशाला के सुव्यवस्थित संचालन के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त नर्मदापुरम जी सी दोहर, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास एच के शर्मा, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बानिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित कुमार डेहरिया, एसडीएम पिपरिया संतोष कुमार तिवारी, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कुबेर सिंह मिर्धा, तहसीलदार बनखेड़ी नवल किशोर कटारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## भारतीय परम्परा में राजा की भूमिका

दुनिया के सभी समाज सुख और आनंद के इच्छुक रहते हैं। सुख और दुख बारी बारी से आते-जाते हैं। मनुष्य समाज का अंग है लेकिन अनेक अवसरों पर मनुष्य और समाज के बीच अंतर्विरोध भी दिखाई पड़ते हैं। मनुष्य प्रकृति का भी अंग है लेकिन मनुष्य और प्रकृति के बीच अंतर्विरोध भी होते हैं। यह मनुष्य को दुखी करते हैं। समाज शांतिपूर्ण ढंग से रहने के लिए राजव्यवस्था विकसित करते हैं। महाभारत में राजा को काल का कारण बताया गया है। राजव्यवस्था समाज को सुखी बनाने के प्रयत्न करती है। राजा या राजव्यवस्था महत्वपूर्ण है। राजव्यवस्थाएँ आनंदमगन समाज के लिए मार्ग प्रशस्त करती हैं। मनुष्य की अनेक मूलभूत आवश्यकताएं होती हैं। अनेक अभिलाषाएं होती हैं। ऋग्वेद (9.113.10 व 11) में प्रार्थना है, ''जहां सारी कामनाएं पूरी होती हैं, जहां सुखदाई तृप्तिदायक अन्न हों। हे देव हमें वहां स्थायित्व दें।'' अन्न और कामनाओं की पूर्ति पर्याप्त नहीं है। इसलिए आगे कहते हैं, ''जहां आनंद मोद, मुद और प्रमोद हैं - यत्र आनंदश्च मोदाश्चस मुद प्रमोद आसते।'' इस मंत्र में आनंद मुद मोद और प्रमोद एक साथ आए हैं। इसी के आगे सुंदर राजव्यवस्था की इच्छा है। आदर्श राजव्यवस्था के आभाव में राष्ट्र सुखी नहीं होते। श्रेष्ठ राजव्यवस्था आनंददायी होती है। इसी प्रार्थना में आदर्श राजव्यवस्था का उल्लेख करते हैं, ''जहां विवस्वान (सूर्य) का पुत्र राजा है, जहां आनंद का द्वार है, आप वहां स्थायित्व दें।'' यहाँ एक आदर्श राजव्यवस्था की प्रार्थना की गई है। राजा या राजव्यवस्था समाज को आनंदपूर्वक रहने के अवसर उपलब्ध कराती है। भारतीय परंपरा में राजा शासक नहीं सेवक है। प्रजा पुत्र है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिम्मेदार राजप्रमुख हैं। वे स्वयं को प्रधानसेवक कहते हैं। बीते माह उनके कार्यकाल के 9 साल पूरे हुए हैं। इस अवधि की अनेक उपलब्धियां हैं। 9 साल विकास और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का उल्लेखनीय कालखण्ड रहा है। इस अवधि में देश ने अनेक आश्चर्यजनक उपलब्धियां पाई हैं। सारी दुनिया को हिला देने वाली कोरोना महामारी ने यहाँ अनेक चुनौतियाँ पेश की थीं। तमाम देशों में कोरोना के कारण मौत का तांडव था। मोदी जी ने लॉकडाउन का साहसिक निर्णय लिया। कोरोना से लड़ने में सरकार ने पूरी दुनिया में प्रतिष्ठा पाई। भारत ने दुनिया के अनेक देशों में वैक्सीन भेजी। देश के भीतर कोरोना से लड़ने की प्रशंसा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी की। तमाम सर्वेक्षणों में मोदी जी शक्तिशाली ग्लोबल लीडर बताए गए। पाक प्रायोजित आतंकवाद बहुत लम्बे अरसे से भारत पर आक्रामक रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस आतंकवाद से निर्णायक युद्ध हुआ। मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवादियों के ठिकानों पर लक्षित हमला (सर्जिकल स्ट्राइक) हुआ। पूरे देश ने मोदी जी के इस निर्णय की प्रशंसा की। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने का निर्णय आसान नहीं था। यद्यपि संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 370 के शीर्षक में ही लिख दिया था, ''जम्मू कश्मीर के विषय में अस्थाई उपबंध।'' संविधान निर्माता अपनी तरफसे इसे अस्थाई लिख चुके थे।



संपादकीय

# बालासोर ट्रैन हादसा: सभी ट्रेनों मैं स्थापित होगा कवच

**रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने किया ऐलान, हादसे की सी बी आई जाँच होगी**



डॉ प्रताप सिंह वर्मा



ओड़िसा के बालासोर जिले के बहनागा बाजार स्टेशन पर तीन अलग-अलग पटरियों पर बेंगलुरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोरोमंडल एक्सप्रेस और मालगाड़ियों में तीन-तरफा दुर्घटना हुई। ओड़िसा सरकार के विशेष राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार दोनों ट्रेनों के 17 डिब्बे पटरी से उतर गए थे और गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिसमें लगभग 275 यात्रियों की जान चली गई हैं, जबकि 900 घायल हो गए हैं जिसमें 56 गंभीर हालत में हैं। शुरुआती जांच में विभिन्न प्रकार के कारण नजर आ रहे हैं जिसमें मुख्य रुप से कोरोमंडल एक्सप्रेस का मेन लाइन से लूप लाइन मैं जाना या इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का फेल हो जाना हो सकता हैं वहीं केंद्रीय रेल मंत्री, अश्वनी वैष्णव ने हादसे की जांच को सीबीआई से करवाने की सिफारिश रेलवे बोर्ड द्वारा कर दी हैं। वहीं इन सब के बीच एक नाम बार-बार सामने आ रहा है वह हैं कवच।

कवच को लेकर रेल मंत्रालय के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने शनिवार को सूचित किया ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली (टीसीएएस) या कवच, जिसे पिछले साल परीक्षणों के लिए शुरू किया गया था, अगले साल ट्रेनों में स्थापित होने की संभावना है। आगे रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि तकनीक देश भर में शुरू की गई है और इसे कई रेलवे लाइनों में उपयोग के लिए भी मंजूरी दी गई है।

अमिताभ शर्मा ने कहा कि ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली (टीसीएएस) या कवच का पिछले साल परीक्षण किया गया था। यह तकनीक ट्रेनों को एक ही ट्रैक पर आने पर स्वचालित रूप से ब्रेक लगाने में सक्षम बनाती है। 2024 तक ट्रेनों में तकनीक स्थापित होने की संभावना है।

### क्या है 'कवच'?

भारतीय रेलवे ने चलती ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए बनाई गई स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली को %कवच% का नाम दिया है। कवच भारतीय उद्योग के सहयोग से अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा एक स्वदेशी रूप से विकसित एटीपी (एंटी ट्रेन प्रोटेक्शन) प्रणाली है। भारतीय रेलवे में ट्रेन संचालन में सुरक्षा के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए दक्षिण मध्य रेलवे ने मार्च 2022 में इसका परीक्षण किया था। यह सम्पूर्ण सुरक्षा स्तर-4 मानकों की एक आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली है।

रेल मंत्रालय की मानें तो कवच न केवल लोको पायलट को सिग्नल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) और ओवर स्पीडिंग से बचने में मदद करेगा बल्कि खराब मौसम जैसे घने कोहरे के दौरान ट्रेन चलाने में भी मदद करेगा। इस प्रकार, कवच ट्रेन संचालन की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाएगा।

### यह कैसे काम करता है?

कवच ट्रेनों को खतरे (लाल) पर सिग्नल पार करने और टक्कर रोकने के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए है। यदि चालक गति सीमा के अनुसार ट्रेन को नियंत्रित करने में विफल रहता है तो यह ट्रेन ब्रेकिंग सिस्टम को स्वचालित रूप से सक्रिय करता है। इसके अलावा, यह ऐसे दो इंजनों के बीच टक्कर को रोकता है जिनमें कवच प्रणाली काम कर रही है।

### इसकी विशेषता क्या है?

1. खतरे में सिग्नल पार करने से रोकना (एसपीएडी)
2. ड्राइवर मशीन इंटरफेस (डीएमआई) / लोको पायलट ऑपरेशन कम इंडिकेशन पैनल (एलपीओसीआईपी) में सिग्नल की स्थित दिखाने के साथ ट्रेन की आवाजाही का निरंतर अपडेट।
3. ओवर स्पीडिंग की रोकथाम के लिए स्वचालित ब्रेक लगाना।
4. रेलवे फाटक को पार करते समय स्वचालित रूप से सीटी बजना।
5. कवच प्रणाली से लैस दो इंजनों के बीच टकराव को रोकना।
6. आपातकालीन स्थितियों के दौरान एसओएस संदेश देना।
7. नेटवर्क मॉनिटर सिस्टम के माध्यम से ट्रेन की आवाजाही की केंद्रीकृत लाइव निगरानी।

### शुरूआती जांच में खुलासा : लूप लाइन पर चली गई थी कोरोमंडल एक्सप्रेस

हादसे की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कोरोमंडल एक्सप्रेस बहनगा बाजार स्टेशन से पहले मुख्य के बजाय लूप लाइन पर चली गई थी, जहां उसकी टक्कर पहले से खड़ी मालगाड़ी से हुई। सूत्रों के मुताबिक प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोमंडल एक्सप्रेस के लिए अप मेनलाइन का सिग्नल दिया गया और उतार दिया गया। इससे ट्रेन लूप लाइन में घुस गई। मालगाड़ी से टकराने के बाद उसके कुछ कोच पटरी से उतर गए। इस बीच, बंगलूरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस डाउन मेन लाइन से गुजरी और उसके दो कोच पटरी से उतरे कोरोमंडल एक्सप्रेस के कोच से टकराने के बाद पलट गए। हालांकि, रेलवे के किसी भी अधिकारी ने ट्रेन के लूप लाइन में जाने की बात नहीं कही है। अभी टक्कर का कारण साफ नहीं है, लेकिन सूत्रों की मानें तो सिग्नल फेल होना संभावित कारण हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का फेल होना भी एक महत्व कारण हो सकता है।

### 128 किमी की गति से दौड़ रही थी ट्रेन

कोरोमंडल एक्सप्रेस 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी, वहीं बंगलूरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 116 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी।

### 2,500 से अधिक थे यात्री

दोनों ट्रेनों में 2,500 से अधिक यात्री सवार थे। हादसे के बाद भटके 1,500 यात्रियों को विशेष ट्रेनों से उनकी मंजिल तक पहुंचाया जा रहा है। शनिवार को 1,000 यात्रियों को हावड़ा पहुंचाया गया। एक अन्य ट्रेन से 200 यात्री बालासोर से हावड़ा लाए जा रहे हैं। भद्रक से चेन्नई के लिए विशेष ट्रेन में 250 यात्री रवाना हुए। इनमें 133 यात्री चेन्नई, 41 विशाखापट्टनम व बाकी अन्य शहरों में उतरेंगे।

### 200 एंबुलेंस, वायुसेना के दो हेलिकॉप्टर तैनात

अधिकारियों ने बताया, 1,200 कर्मियों के अलावा 200 एंबुलेंस, 50 बस और 45 मोबाइल स्वास्थ्य यूनिट दुर्घटनास्थल पर काम कर रही हैं। वायुसेना ने गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बाहर निकालने के लिए डॉक्टरों की टीम के साथ दो एम-आई हेलिकॉप्टर तैनात किए हैं।

**ओडिशा, तमिलनाडु में रहा एक दिन का राजकीय शोक:** ओडिशा व तमिलनाडु की राज्य सरकारों ने हादसे के मद्देनजर शनिवार को एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया। इस दौरान दोनों राज्यों में कोई भी सरकारी कार्यक्रम, जश्न नहीं मनाया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को 5 संकल्प लेकर धरती को स्वर्ग बनाएं






डॉ प्रताप सिंह वर्मा

***धरती को इंसान के रहने योग्य बनाने के लिए प्रकृति व पर्यावरण को सुरक्षित रखना चाहिए। पर्यावरण और धरती जीवन जीने के लिए सबसे जरूरी चीजें उपलब्ध कराती है, जैसे सांस लेने के लिए हवा और पेट भरने के लिए भोजन पानी। हालांकि धरती को जीने के लिए एक अच्छे वातावरण की जरूरत होती है, जो प्रकृति देती है। प्रकृति और पर्यावरण ब्रह्मांड को सुचारू तौर पर चलाने का काम करता है।***

प्रकृति हमें जीने के लिए बहुत कुछ देती है हालांकि इंसान बदले में प्रकृति का दोहन करता है और पर्यावरण को प्रदूषित करता है। इससे प्रकृति को नुकसान होता है और जनजीवन खतरे में पड़ जाता है। इंसान का कर्तव्य है कि ग्लोबल वार्मिंग, मरीन पॉल्यूशन के बढ़ते खतरे और बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करें, ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। इसी कर्तव्य के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस बार विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रकृति के संरक्षण के लिए पांच संकल्प लीजिए, ताकि हमारा पर्यावरण और धरती रहने योग्य बन सके।

### पर्यावरण संरक्षण का पहला संकल्प

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पहला संकल्प लीजिए कि कचरे को सही स्थान तक पहुंचाएंगे। हर दिन घर से बहुत सारा कचरा निकलता है। इसमें सूखा व गीला कचरा होता है, जिसे लोग इधर उधर फेंक देते हैं। यही कचरा सही जगह पर न फेंकने के कारण जानवरों के पेट में या नदियों को गंदा करने का काम करता है। जिससे प्रदूषण फैलता है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत घर से करें। घर से निकलने वाले कचरे को कूड़ेदान में डालें। इस दौरान सूखे व गीले कचरे को अलग अलग रखें ताकि उन्हे सही से व्यवस्थित किया जा सके।

### दूसरा संकल्प

इंसानों, जानवरों और पेड़-पौधों, सभी के जीवन के लिए शुद्ध वायु आवश्यक है। इंसान को सांस लेने के लिए हवा चाहिए लेकिन अगर यह हवा दूषित हो तो जीना दूबर हो जाता है। श्वास संबंधी समस्याएं होने लगती है। वायु प्रदूषण का एक मुख्य कारक हमारी गाड़ियों से निकलने वाला दूषित धुआं है। पेट्रोल डीजल के वाहन का धुआं नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में पेट्रोल डीजल के बजाए ई वाहन का उपयोग करें। साथ ही अधिक से अधिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग कर सकते हैं।

### तीसरा संकल्प

पेड़ पौधों पर प्रकृति की निर्भरता है। हालांकि अंधाधुंध पेड़ पौधों की कटाई के कारण ऑक्सीजन की कमी हो रही है। वहीं मौसम चक्र भी बिगड़ रहा है। इस कारण आए दिन प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप झेलना पड़ रहा है। हालांकि प्रकृति को संरक्षित रखने, ऑक्सीजन की जरूरत को पूरा करने के लिए पेड़ पौधों की कटाई बंद करें। अगर कहीं पेड़ पौधे काट जा रहे हैं तो आप अधिक से अधिक पौधारोपण अपने आसपास करें। इस पर्यावरण दिवस पर पेड़ों के कटने से प्रकृति को होने वाले नुकसान की भरपाई का संकल्प लें और घर में या आसपास के पार्क में पौधे लगाएं।

### चौथा संकल्प

इस वर्ष पर्यावरण दिवस 2023 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान निकालना है। प्लास्टिक या पॉलीथिन का इस्तेमाल प्रकृति को बहुत नुकसान पहुंचाता है। चूंकि प्लास्टिक को नष्ट नहीं किया जा सकता, इस कारण यह नदियों, मृदा आदि में पहुंचकर प्रदूषित करता है। ऐसे में प्लास्टिक या पॉलीथिन के उपयोग को बंद करने का संकल्प लें। इसके बजाय पेपर बैग या कपड़े के बैग का उपयोग करें। इस पर्यावरण दिवस पर खुद पॉलीथिन के उपयोग से बचने और दूसरों को भी प्रोत्साहित करने का संकल्प लीजिए।

### पांचवा संकल्प

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पांचवा संकल्प उन सभी के लिए लें जो वातावरण को शुद्ध और सुरक्षित रखने में सहायक हैं। जैसे पेड़ पौधे, धरती, मृदा, जीव-जंतु और जल आदि का प्रकृति को सुरक्षित रखने अहम योगदान है। इस मौके पर इन सभी का आभार व्यक्त करें। साथ रही इन सभी का सही संतुलन बना रहे इसके लिए जो कुछ आप कर सकते हैं, वह करने का संकल्प लें। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को हम सभी को यह 5 संकल्प पर्यावरण की रक्षा हेतु देश हित में पूरे करना आवश्यक है।



# एक और साक्षी-हत्याकांड से रूह कांप गयी



ललित गर्ग



फिर एक और 16 साल की साक्षी की साहिल ने बेरहमी से हत्या कर दी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शाहबाद डेयरी में हुए इस हत्याकांड ने अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं। समाज में बढ़ती हिंसक वृत्ति, क्रूरता एवं संवेदनहीनता से केवल महिलाएं ही नहीं बल्कि हर इंसान खौफ में है। मानवीय संबंधों में जिस तरह से बालिकाओं की निर्मम हत्याएं हो रही हैं उसे लेकर बहुत सारे सवाल उठ खड़े हुए हैं। विडंबना यह है कि समाज में गहरी संवेदनहीनता पसरी है। निर्ममता-क्रूरता एवं बर्बरता हमेशा से हमारे समाज के अंधेरे कोनों में व्याप्त रही है, पर इस मामले में जिस तरह से सरेराह हिंसा एवं बेरहमी देखी गई है और उसके प्रति लोगों में जो शर्मनाक उदासीनता देखी गई है, वह अपने आप में किसी अपराध से कम नहीं है। वह हत्यारा एक नाबालिग लड़की को खुलेआम मारता रहा, इस खौफनाक एवं दर्दनाक दृश्य के दस से ज्यादा लोग साक्षी होने के बावजूद किसी ने भी हत्यारे को यह जघन्य काण्ड करने से नहीं रोका, हत्यारे ने चाकू से वार पर वार किए और लड़की का सिर तक कुचल दिया, पत्थर से भी बार किये, तब भी लोग बचाव के लिए सामने नहीं आए। कोई एक तमाशबनी भी शोर तक मचाने के लिए कुछ पल खड़ा न हुआ। एक व्यक्ति ने हत्यारे का हाथ पकड़ने की कोशिश की, पर झटके जाने के बाद हिम्मत न जुटा सका। मतलब, दस में से किसी एक व्यक्ति ने मानवीयता एवं संवेदनशीलता का तनिक भी परिचय नहीं दिया।

श्रद्धा हत्याकांड एवं उसके बाद निक्की हत्याकाण्ड जैसे कई कांड?सामने आ चुके हैं। समाज बार-बार सिहर उठता है, घायल होता है। इस सिहरन को कुछ दिन ही बीते होते हैं कि नया साक्षी हत्याकांड सामने आ जाता है। इन प्रदूषित एवं विकृत सामाजिक हवाओं को कैसे रोका जाए, यह सवाल सबके सामने हैं। समाज को उसकी संवेदनशीलता का अहसास कैसे कराया जाए। समाज में उच्च मूल्य कैसे स्थापित किए जाएं, यह चिंता का विषय है। कभी-कभी हिंसा के ऐसे शर्मनाक एवं डरावने दृश्य सामने आते हैं कि निंदा के लिए शब्द कम पड़ने लगते हैं। इस हत्याकांड ने समाज की विकृत एवं संवेदनहीन होती स्थितियों को उधेड़ा है। नये बन रहे समाज में अगर यहां से कोई आंकड़ा निकाला जाए, तो आज समाज में दस में से कोई एक आदमी भी सामने हो रही हत्या या अन्याय को रोकने के लिए आगे नहीं आता। साक्षी अकेली जूझती रही और अंततः समाज की उदासीनता से हार गई। उस लड़की के माता-पिता बिलख रहे हैं और हत्यारे के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं।


यह सराहनीय है कि काफी कम समय में पुलिस अपराधी तक पहुंच गई है। अब इस मामले में पूरी तेजी के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में अपराधी को त्वरित सजा एवं सख्त से सख्त सजा से ही समाज में सही संदेश दिया जा सकता है। जैसे-जैसे समाज उदार एवं आधुनिक होता जा रहा है, जड़ताओं को तोड़ कर युवा वर्ग नई एवं स्वच्छन्द दुनिया में अलग-अलग तरीके से जी रहा है, संबंधों के नए आयाम खुल रहे हैं, उसी में कई बार कुछ युवक अपने लिए बेलगाम जीवन सुविधाओं एवं प्यार को अपनी बपौती समझ कर ऐसी हिंसक एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम दे रहे है। साक्षी हत्याकांड में भी अपराधी लड़के को कथित रूप से यह शिकायत थी कि लड़की उससे दोस्ती रखना नहीं चाहती थी। क्या वह लड़का इतना जाहिल एवं जानवर था कि उसे अपनी बात मनवाने के लिए सभ्य तरीके नहीं आते थे? क्या वह लड़का यह मानता था कि किसी लड़की की मर्जी का कोई अर्थ नहीं है? क्या कोई लड़की अपनी मर्जी से दोस्त भी नहीं चुन सकती? क्या जबरन दोस्ती मुमकिन है? क्या कोई दोस्ती नहीं करेगा, तो उसकी हत्या हो जाएगी? यह दुस्साहस कहां से आ रहा है। समाज और देश में ऐसे सवाल बढ़ते जा रहे हैं, जिनका जवाब सभी लोगों को सोचना चाहिए।

यद्यपि समाज में प्यार करने के तौर-तरीकों पर सवाल उठाता रहा है लेकिन जो कुछ समाज में हो रहा है वह पाश्विकता एवं दरिंदगी की हद है। प्यार हो, विवाह हो या लिव-इन रिलेशनशिप, हिंसात्मक व्यवहार और हिंसक-अंत को बीमार मानसिकता से नहीं समझा जा सकता। हिन्दू-मुस्लिम प्रेम संबंधों के बढ़ते प्रचलन के यह समझना मुश्किल है कि भरोसे की बुनियाद पर खड़े संबंधों के बीच किसी व्यक्ति के भीतर इस स्तर की संवेदनहीनता एवं उन्माद कैसे उभर आता है कि वह अपनी प्रेमिका को मार डालता है। महिलाओं एवं अबोध बालिकाओं पर हिंसा के नये-नये तरीके और आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं। अवैध व्यापार, बदला लेने की नीयत से तेजाब डालने, साइबर अपराध, प्रेमी द्वारा प्रेमिका को क्रूर तरीके से मार देने और लिव इन रिलेशन के नाम पर यौन शोषण हिंसा के तरीके हैं। कौन मानेगा कि यह वही दिल्ली है, जो करीब दस साल पहले निर्भया के साथ हुई निर्ममता पर इस कदर आन्दोलित हो गई थी कि उसे इंसाफ दिलाने सड़कों पर निकल आई थी। यह घटना शिक्षित समाज के लिए बदनुमा दाग है। अब एक सभ्य समाज के रूप में हमें अपने नागरिकों को उनके कर्तव्यों का बोध कराना ही जरूरी हो गया है। हम अपना हक पाने का, मांगने के लिए तो कहीं भी लड़ जाते हैं, लेकिन कर्तव्य या जिम्मेदरी निभाने की जब बात आती है तो कतराकर निकल जाते हैं। वह समय है, जब हमें व्यापक रूप से समाज और संस्कृति सुधार के बारे में सोचना चाहिए। अगर ऐसी घटनाएं होती रहीं तो फिर कानून का खौफ किसी को नहीं रहेगा और सरेआम इस तरह की हत्याओं से किसी का भी जीवन कैसे सुरक्षित होगा। समाज तमाशबीन बना रहेगा तो फिर कौन रोकेगा हिंसा, हत्या, हैवानियत, बलात्कार को, और प्रेम-प्यार के नाम पर ऐसी हिंसक दरिंदगी को।

# वृक्षों से कर लो प्यार

**कविता**

**जे पी गौर, शिक्षक हरदा**



वृक्षों से कर लो प्यार, वृक्षों से कर लो प्यार
वरना नहीं बचेगा अपना सुंदर ये संसार
सरस स्नेही जीवन के संरक्षक हैं ये दाता हैं।
वसुंधरा की अभिलाषा मानव के भाग्य विधाता हैं।
पल-पल धड़कन में धड़कें साँसो से इनका नाता है।
कोमल भावों की खातिर लुटजाना इनको आता है।
हे ! सृष्टि के सकल रस भोगी समझो इनके उपकार..
वृक्षों से कर लो प्यार, वृक्षों से कर लो प्यार।
मानवता तो सदा ऋणि पत्तों और डाली डाली की।
चेहरों की मुस्कान ऋणि पल्लव फूलों की लाली की।
प्रेम ऋणि है कलियों के संग भंवरों की अटखेली का।
आँगन अपना सदा ऋणि घर चौबारे की बेली का।
हे ! अन्वेषी राही इनका पावन रूप सँवार..
वृक्षों से कर लो प्यार, वृक्षों से कर लो प्यार।
शीतल रम्य हवाएँ इनसे ही लहराकर चलती हैं।
इनके ही अनुदान से तो नदियाँ इठलाकर बहती हैं।
इनके ही कारण तो ये ऋतुएँ अनुशासित रहती हैं।
हुआ अभाव इनका तो फिर ऋतुएँ मनमानी करती हैं।
रोक सको तो रोक लो तुम बेमौसम वर्षा की धार..
वृक्षों से कर लो प्यार, वृक्षों से कर लो प्यार।
वसुधा की सुंदरता तो केवल वृक्षों से होती है।
खुशहाली सुखचैन अमन के वृक्ष ही सच्चे मोती हैं।
वृक्ष रहित धरती मरुस्थल सी तपेगी और तपाएगी।
बिन वृक्षों के अवनि अपनी जीव रहित हो जाएगी।
संकट से घिर चली धरा अब करलो कुछ उपचार..
वृक्षों से कर लो प्यार, बच्चों से कर लो प्यार..
बहु आयामी बहुविकल्पी बहु रसरंग रचाता है।
ईंधन उर्जा भवन चमन हर ठौर पर ठाठ जमाता है।
दूषित वायु दूषित जल दूषित मिट्टी खा जाता है।
पर्यावरण प्रदूषण से वृक्षों को लड़ना आता है। जगवाशिंदों बचा लो इनको जग के ये पालनहार..
वृक्षों से कर लो प्यार, वृक्षों से कर लो प्यार..
वरना नहीं बचेगा अपना सुंदर ये संसार।

# विश्व साइकल दिवस पर समर्पण ग्रुप ने पर्यावरण संरक्षण के लिए निकाली साइकल रैली









नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा

**इटारसी। विश्व साईकिल दिवस, 3 जून के अवसर पर समर्पण ग्रुप ने भव्य साइकल रैली का आयोजन किया। जिसमें नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि आम नागरिक और छात्र छात्राएं पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका अवश्य दें। आज पर्यावरण के बढ़ते तापमान को देखते हुए हम सभी को यह सीखना होगा कि मोटर वाहन से निकलने वाले दूषित धुएं से निरंतर तापमान बढ़ता जा रहा है। आप सभी से समर्पण ग्रुप यह निवेदन करता है कि आप अपने दिनचर्या के छोटे-मोटे कार्यों लिए मोटर वाहन के स्थान पर साइकल का प्रयोग करें और जो बुजुर्ग साइकल नहीं चला सकते वे बैटरी युक्त वाहनों का प्रयोग करें।**

ताकि कार्बन मोनोऑक्साइड को बढ़ने से रोका जा सके। साइकल रैली के साथ-साथ हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल पुरानी इटारसी के इलेक्ट्रिक मोटर साइकिल भी थी जो यह संदेश दे रहे थे कि बुजुर्ग और वे लोग जो साइकल नहीं चला सकते वे इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग करके भी पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे सकते हैं। इस प्रकार के प्रयासों से हम पेट्रोलियम, अपना पैसा, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य को बचा सकते है। इन सभी उद्देश्यों के साथ यह रैली निकाली गई। रैली को नगर पालिका सभापति कल्पेश अग्रवाल एवं नगर पालिका सभापति राकेश जाधव द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया। रैली रेस्ट हाउस से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए जयस्तंभ चौक पर संपन्न की गई।

इस अवसर पर सूरजगंज चौराहे पर मातृशक्ति ने पुष्प वर्षा द्वारा रैली का स्वागत किया। हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल के संचालक अनुज गांधी ने फरूट जूस, माता मंदिर अस्पताल के संचालक डॉ अनिल सिंह ने रैली में हेल्थ ड्रिंक के रूप में फरूटी वितरित कर साइकिल चालकों का उत्साहवर्धन किया एवं कल्पेश अग्रवाल जी ने सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, सांसद प्रतिनिधि राजा तिवारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जय किशोर चौधरी, वरिष्ठ नागरिक मंच से राजकुमार दुबे , हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल के संचालक अनुज गांधी, गोपाल साइकल के संचालक गोपाल सिधवानी, चिंपू भाटिया, समर्पण ग्रुप के संस्थापक आशीष भदौरिया (मासाब), अध्यक्ष राजेश चौधरी, उपाध्यक्ष अंकित राठौर, सचिव गिरधारी चौरे, रोहित सनस, गुड्डु सराठे, मुकेश पाल, मनोज बाउसकर, मोहनदास करारे, आशीष पटेल, दीपकांत पटेल, सतीश पटैल, जिज्ञास मौर्य, अरविंद कसोटिया, चंद्रकांत चौरे, राजेश महोबिया, रजनीश दुबे, अजय शुक्ला, श्याम राजपूत, पीतांबर रैकवार, दीपक पटेल, सावन मेहता, भोलाराम वानखेड़े एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## साक्षी को न्याय दिलाने के लिए एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा



**इटारसी।** आज़ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एमजीएम महाविद्यालय, इटारसी में साहिल नाम के युवक द्वारा चाकू से गोद- गोदकर नाबालिग छात्रा की निर्मम हत्या के विरोध स्वरूप प्रदर्शन किया गया । गौरतलब है कि यह घटना दिल्ली में घटित हुई थी जो कि लव जिहाद से जुड़ी हुई है एवं इसमें 20 से अधिक बार चाकू से गोदकर एवं निर्दयता से सिर को ईटों से मारकर साक्षी की हत्या कर दी गई थी । इस प्रदर्शन Justice For Sakshi द्वारा मांग की गई कि हत्यारे को फांसी की सज़ा दी जावे साथ ही समाज में महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की भी मांग की गई।

इस दौरान राहुल मालवीय ने बताया की इस प्रकार की हत्या को रोकने के लिए समाज जनों को आगे आना चाहिए । महाविद्यालय अध्यक्ष कुणाल सराठे ने कहां की देश भर में इस प्रकार की बर्बरता की हत्याओं के मामले लगातार सामने आ रहे हैं इस प्रकार की मानसिकता बालों के खिलाफ प्रशासन को कड़ी से कड़ी कार्यवाही करना चाहिए । इस प्रर्दशन के दौरान नगर उपाध्यक्ष आरती काजल बस्तरबार, सविता केवट, किरन यादव, अंशु बनवारे, शिवम सेजकर, निशांत प्रशांत मेहरा, अभिषेक बामने, रोहित मेहरा, कुशाल कोरी आदि कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

नर्मदा समय इस बर्बरता पूर्वक हुई हत्या की घोर भर्त्सना करता हैं एवं बिटिया साक्षी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हैं ।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया रक्तदान : कलेक्टर नीरज कुमार सिंह

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा



**नर्मदापुरम।** रक्तदान को लेकर रेडक्रास द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस पहल को सार्थक करने में भगवताचार्यों के साथ पिछले दिनों हुई बैठक में संकल्प लिया गया था कि भगवताचार्य स्वयं रक्तदान करेंगे। वहीं कथा व्यास मंच से लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करेंगे। उसी तारतम्य में यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। इसके बहुत अच्छे सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। यह बात कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने जिला अस्पताल के ट्रामा यूनिट सेंटर में रेडक्रास के माध्यम से आयोजित रक्तदान शिविर में कही। इस शिविर में भगवताचार्यो ने वैदिक मंत्रोच्चार्य के साथ रक्तदान किया। रक्तदान से पूर्व रेडक्रास के पदाधिकारियों व डाक्टरों ने भगवताचार्यो का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राजेश महेश्वरी ने किया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचती है। जिले में करीब 125 बच्चों में थैलेसिमिया से पीड़ित हैं। ऐसे बच्चों को वर्ष में तीन से चार बार रक्त की जरूरत पड़ती है। इन बच्चों को और उनके परिवारों वालों को रक्त के लिए परेशान नहीं होना पड़े इसके लिए समाज व संस्था के अनेक लोग रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं। पिपरिया के माहेश्वरी समाज के सुशील दांगी व उनकी समाज के द्वारा 10 बच्चों के रक्तदान की व्यवस्था करने का संकल्प लिया गया है। पिपरिया से ही 10 बच्चों के लिए रक्त की व्यवस्था की जा रही है। अभी 100 बच्चों के लिए और रक्त की जरूरत रहेगी।

**कथा व्यास मंच से करेंगे लोगों को प्रेरितः पं नीरजेश तिपाठी**

कथा व्यास मंच के अध्यक्ष नीरजेश त्रिपाठी ने कहा कि कलेक्टर सिंह की पहल से कथा व्यास मंच ने बैठक में संकल्प लिया था कि पहले हम स्वयंदान करेंगे। उसके बाद कथा व्यास मंच से भी लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिसका शुभारंभ आज के शिविर से हो गया है। अभी सांकेतिक रूप से 7 ब्राम्हणों ने रक्तदान किया है। यह क्रम जारी रहेगा। अब जहां भी कथाएं होंगी वहां मंच से लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। अनेक कथावाचक व ब्राम्हणों ने किया रक्तदानः रक्तदान शिविर में पहले दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 7 कथा व्यास व ब्राम्हणों ने रक्तदान किया जिसमें पं अजय दुबे, पं युवराज दत्त तिवारी, पं दुर्गाप्रसाद द्विवेदी, पं गौरव शर्मा, पं नवीन उपाध्याय, पं नीलेश रावत, पं अश्विनी शर्मा शामिल हैं।

इस मौके पर पं अनिल मिश्रा पं जीवन लाल शास्त्री, पं सोनू शर्मा, चंद्र गोपाल मलैया, मुकेश श्रीवास्तव, हेमंत चौधरी, पं उदित द्विवेदी, नीरजा फौजदार, डॉ रवि शर्मा, सिविल सर्जन डॉ सुधीर विजयवर्गीय, डॉ सुनील जैन, राममोहन मलैया, शेरसिंह बड़कुर सहित अनेक चिकित्सक, पत्रकार व शहर के नागरिक उपस्थित रहे। -रक्तदान के लिए प्रेरणा प्रदान करेंगे भगवताचार्य -

**रक्तदान से किसी का जीवन बचता है:पं अजय दुबे**

शिविर में रक्तदान करने वाले पं अजय दुबे ने कहा कि रक्तदान से जीवनदान मिलता है। आज हमें रक्तदान करने के दौरान बहुत अच्छा लग रहा है कि हमारा रक्त किसी जरूरतमंद के काम आएगा। हम अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करेंगे। कलेक्टर श्री सिंह व रेडक्रास की अच्छी पहल है।

**रक्तदान के लिए आगे आना आवश्यक हैः पं युवराज दत्त तिवारी**- हमें मानव जीवन मिला है कई बार ऐसी स्थिति बनती है कि किसी घायल या किसी बीमार को रक्त की आवश्यकता पड़ती है। उसे उस समय रक्त मिलने से जीवनदान मिल जाता है। इसलिए सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए जिससे कि किसी जरूरतमंद को समय पर रक्त मिल सके।

## कृषि मंत्री कमल पटेल ने 5 किमी रोड का छीपानेर रोड से रुंदलाई तक का किया भूमि पूजन

### पटेल ने कहा- आजादी के बाद से काला पानी की सजा भुगत रहे डूडी ढाणी गांव को कराया आजाद

नर्मदा समय, कुलदीप राजपूत



**हरदा।** करताना के करीबी ग्राम डूडी ढाणी जोकि करताना से लगभग 5 से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्तिथ है । कई बरसों से डूडी धानी के लोग आने जाने की को लेकर सड़क को लेकर काफी परेशान परेशानियों का सामना कर रहे थे वहीं स्कूली बच्चे भी कीचड़ से निकलकर विद्यालय पहुंच रहे थे। शुक्रवार को खेड़ा पति हनुमान मंदिर पर कृषि मंत्री कमल पटेल ने विधि विधान से पूजा अर्चना की गई फिर 8 करोड़ दो लाख 14 हज़ार की लागत से बनने वाले रोड का भूमि पूजन किया गया वहीं कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि हरदा जिले के डूडी ढाणी गांव की सालों से इसके ग्रामवासी काला पानी जैसी सजा को भुगत रहे थे। इस गांव के रहने वाले परिवार बारिश में घुटनों घुटनों कीचड़ में 4 से 5 किलोमीटर तक का सफर घंटों में तय करते हैं। खेतों की मेड़ों से चलकर शहर जाना होता है लेकिन इस गांव के लोगों पर मंत्री कमल पटेल की नजर पड़ी उन्होंने संकल्प लिया कि इस कालापानी डूडी ढाणी गांव को काला पानी की सजा से मुक्त करेंगे।छिपानेर रोड से डूडी ढाणी होते रुद्रलाय तक मंडी बोर्ड की सड़क निधि से सड़क मार्ग स्वीकृत किया है।

जाट सामाजिक बंधु द्वारा कृषि मंत्री कमल पटेल का हल अनाज से तुलादान किया गया और फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।इस दौरान कृषि मंत्री कमल पटेल जिला अध्यक्ष अमर सिंह मीणा, जिला जनपद अध्यक्ष गजेंद्र शाह , ललित पटेल, राधेश्याम डूडी , सरपंच कांतापटेल, सचिव महेंद्र सिंह तोमर , पुलिस सुरक्षा के तौर पर टिमरनी नायब तहसीलदार रेखा गुजरे करताना चौकी प्रभारी मनीष चौधरी जाट समाज के लोग मौजूद रहे ।

## आमला शासकीय अस्पताल में महिला डॉक्टर की पद स्थापना हेतु विभिन्न महिला संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

बबलू निरापुरे/नर्मदा समय



**आमला।** नगर की विभिन्न सामाजिक स्वयंसेवी एवं जागृत महिला संगठनों जिनमें आमला विकास समिति की विमल मदान, क्षत्रीय लोणारी कुनबी समाज महिला संगठन की अध्यक्ष मधुबाला धोटे ,कांग्रेस सेवा दल नगर अध्यक्ष राखी बाथव, वार्ड क्रमांक 7 पार्षद अलका मानकर, वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद पद्ममिनी भूमरकर, सुजान ग्रुप की इंदिरा गाडरे द्वारा आमला शासकीय अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना के लिए मुख्यमंत्री माननीय शिवराज जी चौहान के नाम ज्ञापन आमला तहसीलदार लवीना घागरे को सौंपा, ज्ञापन सौंपते समय प्रतिभा ठाकुर, रोशनी सालोड़े,मीना बुंदेला सुभांगी डोंगरे, आदि उपस्थित थे। विदित हो कि अभी कुछ दिन पहले ही व्यापारी संघ आमला द्वारा संकेतिक बंद कर इस और शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण किया गया था परंतु 1 माह से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी आज तक इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की गई ना ही कोई कदम उठाया गया,साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र के आम नागरिक महिला सहित बार-बार मांग कर रहे हैं कि आमला अस्पताल में डॉक्टरों एवं विशेषकर महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति की जाए।

परंतु शासन प्रशासन का इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं है। जबकि आमला शासकीय अस्पताल में नगर पालिका एवं ब्लॉक के 68 पंचायतो के नागरिक इलाज हेतु इसी अस्पताल पर निर्भर है, शासकीय अस्पताल की बिल्डिंग को तो बड़ा कर दिया।

परंतु यहां सुविधाएं एवं डॉक्टरों की नियुक्ति अभी तक नहीं हो पाई है। जनप्रतिनिधि शासन प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है ,कल ही आमला से गुबरेल जा रहे हैं। एक परिवार के तीन सदस्य एक्सीडेंट में बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु शासकीय अस्पताल लाया गया परंतु अस्पताल में प्रथमोपचार के अलावा कोई सुविधा नहीं है जिसके कारण उन्हें बैतूल रेफर कर दिया गया जिसमें से एक मरीज की रास्ते में ही मौत हो गई अगर समय पर अस्पताल में उचित इलाज मिल जाता तो कीमती जान बचाई जा सकती थी सरकार नारी सम्मान उत्थान और विकास की बात करती है परंतु यहां इतनी बड़ी आबादी पर महिला रोग विशेषज्ञ का ना होना आज के इस समय में हास्यास्पद लगता है ,छोटी छोटी सी बीमारियों के लिए माताओं बहनों बैतूल और नागपुर का रुख करना पड़ता है शासन प्रशासन को इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसका शीघ्र अति शीघ्र हल निकालना होगा वरना यह जायज मांग कब जन आंदोलन बन जाएगा और लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

नर्मदा समय

**शाहपुर। भारतीय जनता पार्टी के बूथ विजय संकल्प अभियान को लेकर भाजपा मंडल शाहपुर के 2 क्लस्टर का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में दिनांक 1जून 2023 को ग्राम पंचायत कुण्डी के पीछे मैदान में शक्ति केन्द्र कुण्डी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बैतूल हरदा हरसुद संसदीय क्षेत्र के सांसद डी.डी. उइके, विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला उपस्थित रहे।**



कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष कुमरे ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यापर्ण और दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

सर्व प्रथम संबोधन में वनवासी कल्याण समिति अध्यक्ष भुरेलाल चौहान, राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके, पूर्व विधायक जिला पंचायत सदस्य मंगल सिह धुर्वे, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री दीपक उइके ने कार्यकर्ताओं को बुथ विजय संकल्प अभियान की जानकारी दी । भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला ने सभी 32 बुथो के अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुख और पन्ना समिति,बुथ समिति के सदस्यों से बुथ विजय संकल्प अभियान के बारे में बताया और भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

इन योजनाओं में मुख्य रुप से प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, नलजल योजना, लाडली बहना योजना सहित कई योजना शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में सांसद दुर्गादास उइके ने कुण्डी संकुल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 10 वी की छात्रा रितिका चौरे को सम्मानित किया। सांसद ने कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं में कुप्पा निवासी बुधराम चावले, सेवलाल चावले, राजू चावले, अशोक चौहान बीजेपी की सदस्यता भी दिलाई और कार्यकर्ताओं को हाथ उठवाकर बूथ विजय का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम का मंच संचालन मंडल अध्यक्ष मनीष कुमरे एवं मंडल प्रभारी दीपक सलूजा ने किया।कार्यक्रम में राजेन्द्र मालवीय, कमलेश सिंग, विधानसभा विस्तारक महेंद्र नामदेव, सतीश मिश्रा, अनिल जैन, ओमप्रकाश गुप्ता, अमित महतो, चंपालाल बडौदे, वीरेंद्र उइके, देवराज धुर्वे अशौक मलैया, विनोद साहू, नारायण यादव, उमेश पाटिल, अशोक बरखने, श्याम प्रजापति, नीतू गुप्ता, सुमित्रा चौहान, शिवानी साहू, रेशमा कवड़े एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मृदुल सक्सेना बने बैडमिंटन राष्ट्रीय खिलाड़ी,जीता स्वर्ण पदक



**आमला।** यूथ एंड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में जम्मू यूनिवर्सिटी में आयोजित तीन दिवसीय छटवी राष्ट्रीय चेम्पियन शिप में आमला के केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 12 वी में अध्ययनरत मृदुल सक्सेना वर्मा ने अंडर 17 में बैडमिंटन प्रतियोगिता में जीत हासिल कर गोल्ड मेडल जीता है । गौरतलब होगा की 19 मई से 21 मई तक जम्मू यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन में 26 राज्यो के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे क्रिकेट,व्हालीबाल,बैडमिंटन सहित लगभग 25 तरह के खेल प्रतियोगिता थी जिसमे मध्यप्रदेश से प्रतिभागी बने बैडमिंटन अंडर 17 के मृदुल सक्सेना वर्मा ने सिंगल तमिलनाडु के साथ प्रतियोगिता में जीत हासिल कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया ।दिनांक 23 मई को जम्मू से आमला वापसी पर रेलवे स्टेशन पर मृदुल का स्टेशन प्रबंधक वी के पाल सहित गणमान्य नागरिकों सहित अंतराष्ट्रीय बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद संघठन के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प गुच्छ भेट कर फूल माला पहनाकर सम्मानित कर बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया वही दिल्ली से नागपुर दक्षिण एक्सप्रेस ट्रेन से जा रहे राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज सिंह द्वारा मृदुल सक्सेना को आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस उपलब्धि पर मृदुल ने बताया उनकी माँ श्रुति सक्सेना रेलवे में ट्रेन मैनेजर के पद पर कार्यरत है और नोकरी के साथ सामाजिक जनहित के कार्यो के लिए तत्तपर रहती है और उन्होंने ही पढ़ाई के साथ स्पोर्टस के लिए मार्गदर्शित किया साथ ही कोच रोशन पटवारी द्वारा अच्छा प्रशिक्षण दिया गया जिसके चलते उन्होंने बैडमिंटन में नैशनल अंडर 17 में गोल्ड मेडल का खिताब जीता ।अंतराष्ट्रीय बजरंग दल संघठन के संजू यादव ने बताया मृदुल सक्सेना वर्मा द्वारा नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल का खिताब जीतकर छेत्र का नाम रोशन किया है इस उपलब्धि पर सन्गठन द्वारा उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गई है ।वही कक्षा 9 वी के छात्र दक्ष परते ने क्रिकेट में अपने बेहतर प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीता जिस पर केपिटल पब्लिक इंग्लिश स्कूल के संचालक बलबंत देशमुख,प्राचार्य राजेश चौकीकर ने बधाई दी।

# सड़क निर्माण को लेकर किया चक्कजाम, प्रशासन नहीं पंहुचा फूंका सीएम का पुतला

बबलू निरापुरे नर्मदा समय

**आमला। बोरी से लेकर सारणी तक लगभग 25 किमी सड़क अत्यधिक दयनीय स्थिति में इस सड़क से लोगो को आवगमन करने में परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते आज तक इस सड़क का निर्माण नहीं हो सका है ।**

जिस वज़ह से आए दिन इस सड़क पर लोग हादसों का शिकार हो रहे है। बोरी से होते हुए सारणी तक की सड़क निर्माण को लेकर शुक्रवार को युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष प्रदीप कोकाटे के नेतृत्व में युवक कांग्रेस द्वारा ग्राम बोरी में आंदोलन किया गया ओर आमला बोरदेही मार्ग पर चक्कजाम किया गया एवं प्रदेश सरकार के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि के खिलाफ जमकर नारेबाजी की कार्यक्रम में आमला बोरदेही सहित सारणी ब्लाक के युवक कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मनोज मालवे ने कहा की बोरी सारणी मार्ग निर्माण की मांग क्षेत्रिय जनता वर्षो से कर रही है ओर वर्तमान में जो कार्य हुआ है वह भृष्टाचार की भेंट चढ़ गया है अधिकारी व जनप्रतिनिधि की उदासीनता के कारण ठेकेदार द्वारा लापरवाही पूर्व कार्य किया गया आमला व सारणी एक ही विधानसभा है। लेकिन लोगो की कानेकटिविटी नहीं हो रही है।



चौपाहिया वाहन इस सड़क पर नहीं गुजर सकते है ओर न ही बस का आवगमन हो सकता है शुक्रवार की सुबह ही इस मार्ग पर एक ट्रक के पलटने से 2 लोगो की मृत्यु की सुचना मिली जो की अत्यधिल दुःखद है इस लिए मांग कर रहे की इस सड़क के घाट को काटकर व्यवस्थित निर्माण किया जाए। कार्यक्रम में मुख्यरूप से ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज देशमुख, नगरपालिका आमला अध्यक्ष नितिन गाडरे, सेवादल विधानसभा प्रभारी जितेंद्र शर्मा, आईटीसेल पूर्व जिलाध्यक्ष भूषण कांति, युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष यशवंत हुड़े, नगर अध्यक्ष शिवम सिँह सोलंकी, सीमा अतुलकर, वीरेंद्र बर्थे, छन्नु बेले, बोरी सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष पवन यादव,हेमंत धोटे,मोहसिन खान, सुभम रावत, मनीष नागले, नितिन सराटकर सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।



### जिर्ण शीर्ण है बोरी सारणी मार्ग : प्रदीप कोकाटे

कार्यक्रम के दौरान युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष प्रदीप कोकाटे ने कहा की आमला-सारणी मार्ग जो कि अत्यंत जीर्ण-शिर्ण अवस्था में हैं। जगह-जगह गडडे हो गये हैं, पुल-पुलिया व्यवस्थित नहीं है। जिसके कारण यहां आवागमन में आम जनता को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना का भय हमेशा लगा रहता हैं। रास्ता अत्यंत घुमावदार एवं चड़ावदार एवं घाटीभरा हैं जो कि चार पहिया वाहन बस आदि हेतु उपयुक्त नहीं है। जिसके कारण यहां आवागमन व्यवस्थित नहीं हैं। आमला-सारणी विधानसभा को जोड़ने वाला यहां एक मात्र 27 कि.मी. का रास्ता आमला एवं सारणी के लिये अत्यंत आवश्यक है।

### फूंका सीएम का पुतला

बोरी सारणी मार्ग पर प्रदर्शन के दौरान ज़ब युवक कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी द्वारा ज़ब ज्ञापन सौपने की बात पर प्रदर्शन रोकने को राजी हुए तो मौके पर तहसीलदार नहीं पहुंची ओर पुलिस प्रशासन द्वारा युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओ को लगभग 1 घंटे का इंतजार करवाया। जिससे युवक कांग्रेस कार्यकर्ता काफ़ी नाराज हुए ओर प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिँह चौहान व विधायक योगेश पंडाग्रे का पुतला दहन कर दिया ओर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## टीकमगढ़ के खिलाड़ियों का मध्य प्रदेश टीम में हुआ चयन



**टीकमगढ़।** तेरावी मिनी नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता दिनांक 6 जून 2023 से 8 जून 2023 तक अनंतपुर आंध्र प्रदेश में आयोजित होने जा रही है टीकमगढ़ के आशीष पाल रोशन साहू भूषण प्रकाश मिश्रा एवं कामना झा का चयन मध्य प्रदेश टीम में हुआ है मध्य प्रदेश बालक एवं बालिकाओं की टीम कल भोपाल से अनंतपुर के लिए रवाना होगी सॉफ्टबॉल कोच पी प्रसन्ना कुमार एवं देवेश चंदेल ने बताया की यह टीकमगढ़ जिले के लिए हर्ष की बात है।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी, जिला पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, छ्रस्क्क प्रिया सिंधी, प्रियंक खरे एवं समस्त खिलाड़ियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभ आशीष के साथ बधाइयां दी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पत्रकार नवील वर्मा के घर पहुंचे सांसद, शोक संवेदना व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि



**शाहपुर।** सांसद दुर्गादास उइके गुरुवार को पत्रकार नवील वर्मा के निवास ग्राम पंचायत कुंडी के ग्राम बांका खोदरी पहुंचे जहां कुछ दिन पूर्व पत्रकार नवील वर्मा की माता स्वर्गीय श्रीमती सुमन वर्मा का निधन हुआ था। जिन्हे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। दिवंगत आत्मा के लिए ईश्वर से अपने श्री चरणों में स्थान हेतु प्रार्थना की इस अवसर पर बैतूल हरदा हरसुद संसदीय क्षेत्र के सांसद माननीय दुर्गादास उइके , भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, मंडल प्रभारी दीपक सलूजा , मंडल अध्यक्ष मनीष कुमरे भी उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी का उभरता सितारा, जिसने स्वयं अपनी राह बनाई : मयंक वर्मा

नर्मदा समय, नवील वर्मा



**शाहपुर ।** सच ही कहा है किसी ने कि कोई चलता हैं पद चिन्हों पर,कोई पद चिन्ह बनाता है बहुत गूढ अर्थ लिए हुए है यह पंक्तियां द्य बनी बनाई राह पर तो हर कोई चल लेता है परंतु स्वयं राह बनाकर चलना यह एक ऊंची सोच की बात है। चर्चा है विचारों के धनी, धुन के पक्के, सत्यता, सहयोग, समाजसेवी, दायित्वों के निर्वहन में अग्रणी और मिलनसार सबसे कम उम्र का युवा समाज सेवी, सुदृढ़ पारिवारिक पृष्ठभूमि के साथ कुर्मी समाज की आबादी में जिनका परिवार अपना एक अहम स्थान रखता है, शिक्षित परिवार में जन्मे, दादा स्वर्गीय श्री सुखनंदन जी वर्मा (शिक्षक) के सानिध्य में पले बढ़े सबके लोकप्रिय भाई मयंक वर्मा की। जिन्हें लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने शाहपुर नगर का युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है द्य प्रदेश में सबसे कम उम्र के नगर अध्यक्ष मयंक वर्मा अपनी कार्यशैली से स्थानीय स्तर सहित जिले में ही नहीं वरन प्रदेश स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए उदीयमान राजनीतिक सितारे है । बतौर मयंक वर्मा पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसके प्रति सौ प्रतिशत समर्पित रहकर जनता के निचले सबसे अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रमुख है। तथा शाहपुर नगर के सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मिलकर आदर्श नगर बनाकर इसका नाम जिले ही नहीं वरन प्रदेश में शुमार कराना है इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपने के लिए उन्होंने स्थानीय एवं जिला पार्टी नेतृत्व के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

## मौसम ने बदला अपना मिज़ाज, तेज हवा, बिजली के साथ झमाझम बारिश



**सिवनी मालवा।** आंधी तूफान एवं गरज के साथ झमाझम बारिश हुई रात्रि 8 बजे से सिवनी मालवा, बानापुरा में तेज हवा एवं गर्जन के साथ में झमाझम बारिश हो रही है । अचानक बारिश से किसानों की चिंता फिर एक बार बड़ी एवं मौसम ठंडक दिखाई दी बदलते मौसम के मिजाज मैं लगातार किसानों की चिंता बढ़ाकर रखी है एवं उनकी फसलों पर काफी नुकसान पहुंच रहा है । बानापुरा, सिवनी में फिर एक बार तेज हवा बिजली आंधी तूफान एवं झमाझम बारिश का नजारा देखने को मिला ।

## बल्ला चाल बढ़ाई चाल पुलिया का ठेकेदार जल्द करे निर्माण : खुशबू विजय अतुलकर



बबलू निरापुरे/नर्मदा समय

आमला। वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद कुमारी खुशबू विजय अतुलकर द्वारा अपने वार्ड के क्षेत्र बल्ला चाल मे निर्माण हो रही पुलिया का निरिक्षण किया पार्षद ने बताया कि मुझे क्षेत्रवासियों द्वारा बार-बार शिकायत मिल रही है कि ठेकेदार द्वारा पुलिया का कार्य बहुत ही कछुआ चाल से और घटिया तरीके से किया जा रहा है आगामी कुछ समय में बारिश प्रारंभ हो जाएंगी फिर यह पुलिया अधर में लटक जाएंगी।

जिससे कि क्षेत्रवासियों को आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा पार्षद ने बताया कि मेरे द्वारा अध्यक्ष महोदय को इस जगह पर जेसीबी लगाकर लोगों के लिए आगमन व्यवस्था करने को कहा गया है। इस क्षेत्र में दो तीन परिवारों में शादी विवाह का कार्यक्रम है। जिसके चलते उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसलिए नापा को जेसीबी लगाकर रास्ता बनाने को कहा गया है और बरसात के पूर्व पुलिया सहित रोड निर्माण का कार्य पूर्ण करने को कहा गया है और निर्माणाधीन सड़क और पुलिया की गुणवत्ता की जांच भी करवाने को कहा गया है। वहीं पार्षद ने बताया कि बल्ला चाल वासियों द्वारा बिजली पोल और नाली निर्माण और बैठक के लिए चौक चौराहो पे बैंचो की व्यवस्था कर सोनी जी के दुकान के पास के चौराहे पर हाई मास्क लगाने की मांग की गई है की जिस पर मेरे द्वारा क्षेत्रवासियों को आगामी परिषद की बैठक या पी आई सी के एजेंडा में यह प्रस्ताव लिखवाने का आश्वासन दिया गया है और बल्ला चाल बढ़ाई चाल में साफ सफाई कर पाउडर फिनाइल छिड़काव की मांग भी क्षेत्रवासियों द्वारा की गई है। जिस पर पार्षद द्वारा सफाई मुकद्दाम धनराज धौलपुरिया जी को सफाई करने का कहा गया। जिस पर मुकद्दाम द्वारा सोमवार बल्ला चाल बढ़ाई चाल में साफ सफाई कर पाउडर फिनाइल छिड़काव करवाने को कहा है।

## हायर सेकेंडरी में पठारी की छात्रा हाई स्कूल में कुरवाई के छात्र विकासखंड में पहला स्थान पर

कुरवाई। विकास खंड शिक्षा अधिकारी कमल सिंह बागडी में जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड अंतर्गत शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक हायर सेकेंडरी स्कूल पठारी की छात्रा सोनाली भदौरिया ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कुरवाई विकासखंड में हायर सेकेंडरी की परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरा स्थान 93₹ अंक प्राप्त कर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक हाई सेकेंडरी स्कूल कुरवाई की छात्रा नेहा सैनी ने किया है तीसरा स्थान राजेंद्र सक्सेना मेमोरियल हाई सेकेंडरी स्कूल की छात्रा आलिया जहां ने 92.6 प्रतिशत अंक के साथ प्राप्त किया है कक्षा 10 हाई स्कूल की परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर कुरवाई के छात्र पुष्पेंद्र कडेरे पुत्र मेहरबान कडेरे ने 96.2 प्रतिशत प्रतिशत अंक प्राप्त कर कुरवाई तहसील में प्रथम एवं जिला मेरिट सूची में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है दूसरा स्थान राजेंद्र सक्सेना मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कु. वरदान शर्मा ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया है तीसरे स्थान पर कैरियर कान्वेंट स्कूल सिहोरा के छात्र माधव राय 95 प्रतिशत अंकों के साथ रहे हैं। इस तरह हायर सेकेंडरी परीक्षा में पठारी की छात्रा और हाई स्कूल परीक्षा में कुरवाई के छात्र ने विकासखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है।

### 75 वर्षीय कमलाबाई ने काटा फीता

## आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय का हुआ शुभारंभ

नर्मदा समय



**टीकमगढ़।** वास्तव में जिस काम को मां को साथ लेकर आगे बढ़ाया जाता है या मॉ के शुभ हाथों से उस कार्य का शुभारंभ कराया जाता है वह कार्य सदैव ऊंचाइयों को छूता है और उसमें लगातार सफलता मिलती है।

क्योंकि मां भगवान का दूसरा रूप होती है और मां जिस कार्य की शुरुआत करा दे उस कार्य की प्रगति दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ती है। जी हां ऐसा ही एक नजारा 02 जून 2023 शुक्रवार के दिन नगर के अंबेडकर तिराहा के आगे मऊ रोड पर देखने को मिला जहां आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय का शुभारंभ आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र जैन क्रांतिकारी के नेतृत्व में कराया गया जहां इस कार्यालय का शुभारंभ एक मां के हाथों से हुआ और एक मॉ ने कार्यालय का शुभारंभ फीता काटकर किया जहां इस मौके पर उपस्थित आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र जैन क्रांतिकारी और पार्टी के सैकड़ों की संख्या में जिलेभर से आए पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे और आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय का शुभारंभ बड़े ही उत्साह से किया गया। कार्यालय का शुभारंभ नगर के ढोंगा निवासी 75 वर्षीय वृद्ध मां कमलाबाई बाल्मीकि के हाथों से फीता काटकर कराया गया जहां आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने खुशियां जाया की और पार्टी के जिला कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

कमलाबाई ने कार्यालय का शुभारंभ कर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र जैन क्रांतिकारी को आशीर्वाद दिया और पार्टी को भी आशीर्वाद दिया।

उल्लेखनीय है कि अक्सर यह देखा जाता है कि राजनीतिक पार्टी के कार्यालयों का उद्घाटन, शुभारंभ पार्टी के बड़े स्तर के नेताओं के द्वारा किया जाता है लेकिन आम आदमी पार्टी ने एक वृद्ध 75 वर्षीय मां से अपने कार्यालय का शुभारंभ कराया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने प्रेस को बताया कि आम आदमी पार्टी के कार्यालय शुभारंभ के पश्चात आम आदमी पार्टी के क्रियाकलापों की तमाम गतिविधियां अब जिला कार्यालय से ही संपन्न कराई जाएंगी।

## सीसी रोड निर्माण कार्य का विधायक राकेश गिरी ने जनप्रतिनिधियों के साथ किया भूमिपूजन

नर्मदा समय

*टीकमगढ़। टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी के द्वारा विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कराने को लेकर निरंतर प्रयास किए जा रहे है जिसको लेकर शुक्रवार के दिन वन विभाग कार्यालय के सामने सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।*



जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राकेश गिरी कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित नुना जिला अध्यक्ष साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, जिला महामंत्री आशुतोष भट्ट,जिला महामंत्री अश्वनी चढ़ार, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा विभा श्रीवास्तव, पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुशीला राजपूत, पार्षद निकिता प्रजापति, पार्षद लक्ष्मी प्रजापति, नगर मंडल अध्यक्ष रोहित वैशाखिया मंच पर मौजूद रहे।

भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक राकेश गिरी ने सभी अतिथियों के साथ मिलकर खादी आश्रम से निषाद राज भवन, पुरानी टेहरी तक बाया बतख तिराहा तक बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का विधि विधान से भूमि पूजन किया, साथ ही कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों द्वारा सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत सम्मान किया गया। इसके अलावा मंच पर अतिथियों द्वारा अपने अपने उद्बोधन दिए गए। कार्यक्रम को विधायक राकेश गिरी ने संबोधित करते हुए कहा कि मेरे द्वारा लगातार शहर में विकास कार्य किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत आज खादी आश्रम से निषाद राज भवन, पुरानी तेरी तक वाया बतख तिराहा के सीसी रोड निर्माण कार्य का विधि विधान से भूमि पूजन कर दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि यह रोड़ 4.30 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार की जाएगी साथ ही उन्होंने कहा कि काफी समय से लोगों को यहां से निकलने में काफी समस्याएं हो रही थी जिसको देखते हुए यह रोड निर्माण किया जा रहा है।

## खरगापुर विधायक ने घर-घर जाकर लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र किये प्रदान



नर्मदा समय

टीकमगढ़। खरगापुर विधायक राहुल सिंह ने आज ग्राम पंचायत देवीनगर में घर-घर जाकर लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति-पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर एसडीएम बल्दवेगढ़ सौरभ मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि विश्वदीपक मिश्रा, जनप्रतिनिधि, जनपद पंचायत सीईओ प्रभाष घनघौरिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी बल्देवगढ़ महेश दोहरे एवं संबंधित अधिकारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इस दौरान खरगापुर विधायक श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश की बहनों को आर्थिक रूप से सुदृण और आत्मनिर्भर बनाने हेतु मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई महत्वाकांक्षी योजना लाड़ली बहना योजना के तहत आज हमारी बहनों को सांकेतिक रूप से स्वीकृति पत्र प्रदान किये जा रहे हैं। स्वीकृति पत्र तथा एक मुश्त राशि प्रतिमाह मिलनें से सभी बहनों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। उनके द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपस्थित बहनों से मुख्यमंत्री जी को आभार पत्र प्रेषित करने की अपील की गई।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-प्रताप सिंह वर्मा के लिए ''दिशागोचर प्रकाशन'', 26बी, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी.नगर, जोन-1 भोपाल से मुद्रित एवं लाइफ लाइन भवन शिवराजपुरी कॉलोनी इटारसी जिला नर्मदापुरम 461111 म.प्र. इटारसी से प्रकाशित किया। नो :- सभी विवादों के लिए न्यायक्षेत्र नर्मदापुरम जिला न्यायालय रहेगा। मोबाइल नं.:-7974372722